# न्यायालय सहायक कलक्टर, डीडवाना

पीठासीन अधिकारीः— श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.

राजस्व वाद संख्याः 225/2022 दायर दिनाँक 07.06.2022

| वादीगण | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. ईशराराम पुत्र धन्नाराम उम्र 75 वर्ष<br>2. पीथाराम पुत्र धन्नाराम उम्र 59 वर्ष समस्त जातिगण मेघवाल निवासीगण खाखोली तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0। | बनाम् | 1. बनाराम दत्तक पुत्र मानाराम उम्र 67 वर्ष<br>2. छोटी देवी पत्नि रामुराम उम्र 60 वर्ष समस्त जातिगण मेघवाल निवासीगण खाखोली तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0<br>3. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा डीडवाना<br>4. तहसीलदार मौलासर। |

दावा बाबत्

**घोषणा खातेदारी, बंटवारा, व स्थाई निषेधाज्ञा**

**अन्तर्गत धारा–53, 88, 188 R.T.Act.**

उपस्थितः—

1. श्री सुरेन्द्रपुरी वकील वादीगण।
2. श्री मुस्ताक खां वकील प्रति0 सं0 1 की ओर से।

—:: निर्णय ::—

दिनाँक 13.08.2022

वाद के तथ्य संक्षेप्त में इस प्रकार है कि वादीगण की एकल खातेदारी के खेत खसरा सं0 593 रकबा 0.0400 हैक्टे0 बारानी 1, खसरा सं0 594 रकबा 0.0100 हैक्टे0 गै0 मु0 चाह, खसरा सं0 595 रकबा 5.6100 हैक्टे0 चाही 3 कुल खसरे तीन कुल रकबा 5.6600 हैक्टे0 वाकै सरहद खाखोली, पटवार हल्का, खाखोली, भू0 अभि0 नि0 क्षैत्र नूंवा तहसील डीडवाना में अवस्थित है तथा वादीगण व प्रतिवादीगण की संयुक्त खातेदारी के खेत खसरा सं0 762 रकबा 0.0700 हैक्टे0 बारानी उत्तम वाकै सरहद खाखोली, पटवार हल्का, खाखोली, भू0 अभि0 नि0 नूंवा तहसील डीडवाना में अवस्थित है।

यह है कि वादीगण की खातेदारी के खेत खसरा सं0 593 रकबा 0.0400 हैक्टे0 बारानी 1, खसरा सं0 594 रकबा 0.0100 हैक्टे0 गै0 मु0 चाह, खसरा सं0 595 रकबा 5.6100 हैक्टे0 चाही 3 कुल खसरे तीन कुल रकबा 5.6600 हैक्टे0 व वादीगण की संयुक्त खातेदारी के खेत खसरा सं0 762 रकबा 0.0700 हैक्टे0 बारानी उत्तम वाकै सरहद खाखोली में स्थित भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में वादीगण के पिता का नाम सहवन से गोरधनराम गलत दर्ज हो रखा है, जबकि समस्त दस्तावेजों में वादीगण के पिता का नाम धन्नाराम दर्ज हो रखा है तथा प्रतिवादी सं0 1 वादीगण का सगा भाई है तथा प्रतिवादी सं0 1 जो कि मानाराम निवासी शाहपुरा जिला सीकर यहा गोद चला गया है तथा प्रतिवादी सं0 1 के नाम से समस्त दस्तावेजों में उसके दत्तक पिता मानाराम का ही नाम दर्ज हो रखा है, केवल मात्र खसरा सं0 762 रकबा 0.0700 हैक्टे0 के राजस्व रेकर्ड से हटवाया जाना न्यायोचित है इसलिए वादीगण को यह घोषणा खातेदारी, रेकर्ड दुरूस्ती का वाद पेश करना लाजमी आया है।

प्रार्थना वादीगण इस प्रकार हैः—

1. यह है कि खेत खसरा सं0 593 रकबा 0.0400 हैक्टे0 बारानी 1, खसरा सं0 594 रकबा 0.0100 हैक्टे गै0 मु0 चाह, खसरा सं0 595 रकबा 5.6100 हैक्टे0 चाही 3 कुल खसरे तीन कुल रकबा 5.6600 हैक्टे0 व खसा सं0 762 रकबा 0.0700 हैक्टे0 वाकै सरहद खाखोली में वादीगण के पिता का नाम गोरधनराम के स्थान पर धन्नाराम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाकर राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किया जावें।

Signature Not Verified

Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.14 14:02:01 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned with OKEN Scanner

2. यह है कि खसरा सं0 762 रकबा 0.0700 हैक्टे0 वाकै सरहद खाखोली में से प्रतिवी सं0 1 का नाम राजस्व रेकर्ड से हटाया जावें तथा इसी अनुरूप राजस्व रेकर्ड मे अमल दरामद किया जावें।
3. यह है कि खेत खसरा सं0 593 रकबा 0.0400 हैक्टे0 बारानी 1, खसरा सं0 594 रकबा 0.0100 हैक्टे0 गै0 मु0 चाह, खसरा सं0 595 रकबा 5.6100 हैक्टे0 चाही 3 कुल खसरे तीन कुल रकबा 5.6600 हैक्टे0 में से वादीगण का हिस्सा 1/3 व 2/3 व खसरा सं0 762 रकबा 0.0700 हैक्टे0 मं वादगीण का 1/9–1/9 हिस्सा बंटवारा बाई मिट्स एण्ड बाउण्डस किया जावें तथा इसी अनुरूप राजस्व रेकर्ड में अलग–अलग खातेदारी दर्ज कर राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद किया जावें।

वदीगण का वाद राष्ट्रीय लोक अदालत में पेश हुआ। प्रतिवादी सं0 02 ता 04 को जरिये समन तलब किया गया। बावजुद तामिल के अनुपस्थित। अतः इनके खिलाफ एक पक्षिय कार्यवाही अमल में लाई जाती है। वादीगण व प्रतिवादी सं0 01 का राजीनामा पेश हुआ, जिसे बाद तस्दीक सामिल मिसल किया गया।

पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। तत्सम्बन्धी विधि का अध्ययन् किया।

पक्षकारान् राजीनामा अनुसार खातेदारी चाहते हैं। अतः, बाद विवेचन, वाद वादी, राजीनामा अनुरूप डिक्री सादिर किया जाता है।

**—:आदेश :—**

अतः हस्व दावा डिक्री सादिर कर, वाकै सरहद ग्राम खाखोली खेत खसरा सं0. 593, 594, 595 भूमि में वादीगण का हिस्सा 1/3 व 2/3 व खसरा सं0 762 में वादीगण का 1/9 – 1/9 हिस्से में खातेदार घोषित किया जाता है। वादीगण के पिता का नाम गोरधनराम के स्थान पर धन्नाराम दुरूस्त किया जाता है तथा खसरा सं0 762 में से प्रतिवादी सं0 1 का नाम राजस्व रेकर्ड से हटाया जाता है।

तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो। राजीनामा निर्णय व डिक्री का अभिन्न भाग रहेगा।

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलेक्टर डीडवाना (नागौर)

निर्णय आज दिनाँक 13.08.2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.14 14:02:01 IST
Reason: SelfAttested

(कार्तिकेय मीणा)
R.A.S.
सहायक कलक्टर
डीडवाना

सहायक कलेक्टर डीडवाना (नागौर)

Scanned with OKEN Scanner

डिक्री बमुकद्दमें इब्तदाई
(आर्डर 20, रूल 6, 7 जाब्ता दीवानी)
अज अदालतः– सहायक कलक्टर, डीडवाना
बइजलास : श्री कार्तिकेय मीणा, R.A.S.

राजस्व वाद संख्याः 225/2022 दायर दिनाँक 07.06.2022

| वादीगण | | प्रतिवादीगण |
|---|---|---|
| 1. ईशराराम पुत्र धन्नाराम उम्र 75 वर्ष<br>2. पीथाराम पुत्र धन्नाराम उम्र 59 वर्ष समस्त जातिगण मेघवाल निवासीगण खाखोली तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0। | बनाम् | 1. बनाराम दत्तक पुत्र मानाराम उम्र 67 वर्ष<br>2. छोटी देवी पत्नि रामुराम उम्र 60 वर्ष समस्त जातिगण मेघवाल निवासीगण खाखोली तहसील डीडवाना जिला नागौर राज0<br>3. स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा डीडवाना<br>4. तहसीलदार मौलासर। |

**दावा बाबत्**
**घोषणा खातेदारी, बंटवारा एवं स्थाई निषेधाज्ञा**
**अन्तर्गत धारा 53, 88, 188 R.T. Act.**

दिनाँक 13.08.2022

यह मुकद्दमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी मिनजानिब मुद्दई श्री सुरेन्द्रपुरी वकील वादीगण व श्री मुस्ताक खां वकील प्रतिवादी सं0 1 की और से मद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि हस्व दावा डिक्री सादिर कर, वाके सरहद ग्राम खाखोली खेत खसरा सं0 593, 594, 595 भूमि में वादीगण का हिस्सा 1/3 व 2/3 व खसरा सं0 762 में वादीगण का 1/9 – 1/9 हिस्से में खातेदार घोषित किया जाता है। वादीगण के पिता का नाम गोरधनराम के स्थान पर धन्नाराम दुरूस्त किया जाता है तथा खसरा सं0 762 में से प्रतिवादी सं0 1 का नाम राजस्व रेकर्ड से हटाया जाता है।

तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड दुरस्त हो। डिक्री जारी हो। राजीनामा निर्णय व डिक्री का अभिन्न भाग रहेगा।

नीज..........–.......... मुबलिंग............–............... बाबत.....................–.................... खर्चा इस मुकद्दमें के मय सूद व शरह..........–.......... आज की तारीख को अदा करें। बसब्त मेरे दस्तख्त व मुहर अदालत के आज की तारीख 13.08.2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत में जारी की गयी।

सहायक कलक्टर
डीडवाना
सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

| मुद्दई | रूपया | पैसे | मुदायलह | रूपया | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प अर्जी | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | महनताना वकील | | |
| महनताना वकील | – | | खर्चा गवाहान | | |
| खर्चा गवाहान | – | | फिस कमिश्नर | | |
| फिस कमिश्नर | | | बाबत इजराय | | |
| बाबत इजराय | | | हुक्मनामा | | |
| हुक्मनामा | | | मुतफर्रिक | | |
| मुतफर्रिक | | | | | |
| मिजान | | | मिजान | | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Kartikeya Meena
Date: 2022.10.14 14:02:01 IST
Reason: Self Attested

नोटः–इस खर्च के फार्म पर कुल खर्चा जो दिलवाया गया चाहे डिगरी के जरिये दिलाया गया हो या नही दर्ज करना चाहिये।

सहायक कलक्टर
डीडवाना
सहायक कलेक्टर
डीडवाना (नागौर)

Scanned with OKEN Scanner